# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं० : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in


पटना/ दिनांक 01/02/2016

## अधिसूचना

संख्या-नि० प्रा०/ नि० 1-05/ 2014 ...74..... चूँकि बिहार स्वाबलम्बी सहकारी समिति (संशोधन) अधिनियम, 2013 (बिहार अधिनियम-7, 2013) में निहित्त प्रावधान के अनुसार बिहार स्वाबलम्बी सहकारी समिति अधिनियम, 1996 के तहत निबंधित स्वाबलम्बी सहकारी समितियों के बोर्ड, जिनका निर्वाचन देय है, का निर्वाचन बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के नियंत्रण, निदेशन एवं पर्यवेक्षण के अधीन कराया जाना है।

और चूँकि उक्त परिप्रेक्ष्य में प्राधिकार द्वारा संलग्न **अनुलग्नक-1** में अंकित स्वाबलम्बी सहकारी समितियों के बोर्ड का निर्वाचन कराने का निर्णय लिया गया है।

अत: बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 की धारा-4 एवं बिहार स्वाबलम्बी सहकारी समिति (संशोधन) अधिनियम, 2013 (बिहार अधिनियम-7, 2013) की धारा-7 तथा सुसंगत नियमावलियों के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य निर्वाचन प्राधिकार एतद् द्वारा **अनुलग्नक-2** में अंकित कार्यक्रम के अनुसार अनुलग्नक-1 में अंकित स्वाबलम्बी सहकारी समितियों के उनकी उपविधियों तथा निबंधक सहयोग समितियां, बिहार के पत्रांक-4992 दिनांक 01.11.2013 में यथा वर्णित पदों के लिए निर्वाचन हेतु सविरोध निर्वाचन की स्थिति में, मतदान हेतु **दिनांक 09.03.2016 (बुधवार)** की तिथि नियत करता है तथा संबंधित स्वाबलम्बी सहकारी समितियों के मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे संगत अधिनियम/ नियमावली/ प्राधिकार के निदेशों के अधीन समिति के पदधारकों को निर्वाचित करें। ज्ञातव्य है कि इस उद्देश्य हेतु प्राधिकार द्वारा अपने पत्र संख्या-03 दिनांक 04.01.2016 से मतदाता सूची तैयार करने के लिए कट-ऑफ तिथि दिनांक 30.11.2015 निर्धारित की गयी है एवं तद्नुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 28.01.2016 को संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा किया जा चुका है।

बिहार स्वाबलम्बी सहकारी समिति (संशोधन) अधिनियम, 2013 (बिहार अधिनियम-7, 2013) द्वारा बिहार अधिनियम 2, 1997 की धारा-26 में किये गए संशोधन के आलोक में बोर्ड के निर्वाचन में आरक्षण के बिन्दु पर निम्न निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा :-

(i) निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के पत्रांक-4992 एवं 4996 दिनांक 01.11.2013 के अनुसार सीधे निर्वाचित होने वाले एकल पदों (यथा अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष आदि) पर आरक्षण लागू नहीं होगा किन्तु इन पदों की गणना निदेशक मंडल के लिए होगी और पूरे निदेशक मंडल पर आरक्षण प्रावधान लागू होगा। जैसे बारह सदस्यीय निदेशक मंडल में अध्यक्ष, सचिव पद आदि सीधे निर्वाचन से होना हो तब भी इन दो पदों को अनारक्षित मानते हुए अवशेष दस पदों में से छ: पद आरक्षित होंगे।

(ii) स्वाबलम्बी सहकारी समिति के बोर्ड में अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के लिए 2 (दो) स्थान, पिछड़े वर्गों के लिए 2 (दो) स्थान और अति पिछड़े वर्गों के लिए 2 (दो) स्थान आरक्षित किये जायेंगे।

(iii) उपर्युक्त आरक्षित स्थानों की कुल संख्या बोर्ड के कुल स्थानों के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

(iv) अगर संघ में उपर्युक्त आरक्षित कोटियों के कोई सदस्य नहीं हैं, तो आरक्षित पद खाली रहेंगे।

(v) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग में प्रत्येक कोटि के लिए अलग-अलग आरक्षित स्थानों की कुल संख्या के 50 प्रतिशत के यथाशक्य निकटतम, किन्तु 50 प्रतिशत से किसी भी परिस्थिति में अधिक नहीं, स्थान उपर्युक्त आरक्षित कोटियों की महिलाओं के लिए आरक्षित किये जायेंगे। अगर संघ की उपर्युक्त कोटियों में कोई महिला सदस्य नहीं है, तो ये पद खाली रहेंगे।

(vi) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित स्थानों को छोड़कर बोर्ड में जो शेष स्थान बच जाते हैं, उन स्थानों की कुल संख्या के 50 प्रतिशत के यथाशक्य निकटतम, किन्तु किसी भी परिस्थिति में इससे अधिक नहीं, स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित किये जायेंगे। स्पष्ट किया जाता है कि इन स्थानों के लिए सामान्य कोटि की महिलाओं के अतिरिक्त अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग की वैसी महिलाएँ भी अपना नामांकन भर सकेगी, जिन्होंने आरक्षित कोटि वर्ग से अपनी उम्मीदवारी पेश नहीं की है। अगर इस कोटि में कोई महिला सदस्य नहीं हैं, तो महिलाओं के लिए आरक्षित पद खाली रहेंगे।

निर्वाचन पदाधिकारी बोर्ड के विभिन्न पदों के निर्वाचन के लिए मानक **प्रपत्र-ई० 1** में आवश्यक प्रविष्टियां अंकित कर सूचना **दिनांक 08.02.2016 ( सोमवार )** को प्रकाशित करना सुनिश्चित करेंगे।

जिन समितियों का निर्वाचन कार्यक्रम अधिसूचित किया जा रहा है, उन समितियों के संबंध में निर्वाचन पदाधिकारी संवीक्षा की तिथि को **प्रपत्र-ई० 6** में विधिमान्य अभ्यर्थियों की सूची तथा मतगणना की तिथि को **प्रपत्र-ई० 18** में पूर्ण सूचनायें उन्हीं तिथियों को फैक्स **(0612-2231562, 2215089)** अथवा ई-मेल **(bseapatna@gmail.com)** द्वारा प्राधिकार को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

**( फूल सिंह )**
मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 74 पटना/ दिनांक 01/02/2016

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 74 पटना/ दिनांक 01/02/2016

प्रतिलिपि: संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/ संबंधित जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०)/ संबंधित पुलिस अधीक्षक/ संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. सभी संबंधित जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) से अनुरोध है कि वे इस चुनाव कार्यक्रम की प्रतियां अपने स्तर से भी ससमय संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 74 पटना/ दिनांक 01/02/2016

प्रतिलिपि: संबंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. उनसे अनुरोध है कि वे संबंधित समिति की उपविधि दिनांक 05.02.2016 तक निश्चित रूप से संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) को उपलब्ध करा देने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तथा उपविधियां के आधार पर जिन-जिन पदों के लिए निर्वाचन कराया जाना है, उसका विवरण भी अधिसूचना में निहित निदेशों के अनुसार आरक्षित पदों की स्थिति सहित निर्वाचन पदाधिकारी को लिखित रूप में उपलब्ध करा देंगे।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 74 पटना/ दिनांक 01/02/2016

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 74 पटना/ दिनांक 01/02/2016

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

## निर्वाचन देय स्वावलम्बी सहकारी समितियों की सूची

| क्रमांक | जिला का नाम | प्रखंड | स्वावलम्बी सहकारी समिति का नाम |
|---|---|---|---|
| १ | पटना | पटना सदर | इंटक वकर्स स्वावलम्बी साख एवं बचत सहकारी समिति लि० |
| 2 | पटना | पटना सदर | श्री महादेव स्वावलम्बी सहकारी गृह निर्माण समिति लि० |
| 3 | पटना | पटना सदर | एकता विहार गृह निर्माण स्वावलम्बी सहकारी समिति लि० |
| 4 | पटना | पटना सदर | अभिनव कृषक स्वावलम्बी सहकारी समिति लि० |
| 5 | पटना | पुनपुन | कन्हैया कृषक स्वावलम्बी सहकारी समिति लि० |
| 6 | पटना | पुनपुन | जयमाता दी कृषक स्वावलम्बी सहकारी समिति लि० |
| 7 | नालंदा | हिलसा | वैज्ञानिक कृषक सेवा स्वावलम्बी सहकारी समिति लि0, हिलसा |
| 8 | नालंदा | बिहार शरीफ | प्रगति श्रमिक स्वावलम्बी सहकारी समिति लि० बिहार शरीफ नालंदा |
| 9 | भोजपुर | उदवंतनगर | मैहर कृषक सेवा स्वावलम्बी सहकारी समिति |
| 10 | समस्तीपुर | विभूतिपुर | खास तबका दक्षिण कृषक स्वावलम्बी स० स० लि० चकबेदौलिया |
| 11 | समस्तीपुर | कल्याणपुर | मदुरापुर कृषक स्वावलम्बी स० स० लि० मोहनपुर |
| 12 | समस्तीपुर | वारिसनगर | कुसैया कृषक स्वावलम्बी स० स० लि० कुसैया |
| 13 | समस्तीपुर | समस्तीपुर | नवज्योति स्वयं सिद्धा महिला विकास स्वावलम्बी स० स० लि० काशीपुर |
| 14 | समस्तीपुर | सरायरंजन | प्रगतिशील कृषक स्वावलम्बी स० स० लि० लाटबसेपुरा |
| 15 | समस्तीपुर | सरायरंजन | प्रगतिशील कृषक सेवा स्वावलम्बी स० स० लि० |
| 16 | समस्तीपुर | खानपुर | सम्राट बहुमुखी स्वावलम्बी स० स० लि० |
| 17 | पूर्वी चम्पारण | पकडीदयाल | हमारी योजना बचत एवं साख स्वावलम्बी सहकारी समिति लि० पकडीदयाल |
| 18 | सीतामढी | सोनबरसा | आदित्य कृषक सेवा स्वावलम्बी स० स० लि० |
| 19 | मुजफ़फरपुर | बन्दरा | मुजफ़फरपुर कृषक स्वावलम्बी स० स० लि० |
| 20 | मुजफ़फरपुर | मीनापुर | श्री राम कृषक सेवा स्वावलम्बी स० स० लि० |
| 21 | मुजफ़फरपुर | साहेबगंज | मॉ शारदे कृषक स्वावलम्बी स० स० लि० साहेबगंज मुजफरपुर |
| 22 | मुजफ़फरपुर | मुशहरी | एम०डी० समूह साख एवं बचत स्वावलम्बी स० स० लि० शेखपुर अहियापुर मुजफफरपुर |
| 23 | मुजफ़फरपुर | गायघाट | गौरव हस्तशिल्प विकास स्वावलम्बी स० स० लि० |
| 24 | प० चम्पारण | बेतिया | विकास कृषक सेवा स्वावलम्बी स० स० लि० बेतिया |
| 25 | प० चम्पारण | मझौलिया | मॉ दुर्गा कृषक सेवा स्वावलम्बी स० स० लि० मझौलिया |
| 26 | प० चम्पारण | मैनाटाड | पिडारी जन सेवा कृषक सेवा स्वावलम्बी स० स० लि० मैनाटाड |
| 27 | प० चम्पारण | चनपटिया | दुर्गा नगर कृषक सेवा स्वावलम्बी स० स० लि० |
| 28 | प० चम्पारण | बेतिया | आदर्श कृषक सेवा स्वावलम्बी स० स० लि० |
| 29 | प० चम्पारण | नौतन | शुभ लक्ष्मी कृषक सेवा स्वावलम्बी स० स० लि० नौतन |
| 30 | भागलपुर | नाथनगर | सिल्क सिटी विभर्स सेल्फ सर्पोटिंग कोऑपरेटिव सोसाईटी कबीरपुर |
| 31 | भागलपुर | जगदीशपुर | भागलपुर हैण्डलूम बुनकर स्वावलम्बी स० स० लि० ततारपुर |
| 32 | भागलपुर | जगदीशपुर | जुबैदा हैण्डलूम बुनकर स्वावलम्बी स० स० लि० उर्दू बाजार |
| 33 | भागलपुर | जगदीशपुर | बीमा कर्मचारी स्वावलम्बी साख स० स० लि० भागलपुर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 34 | भागलपुर | जगदीशपुर | मारूति कृषि विकास स्वावलम्बी स0 स0 लि0 भागलपुर |
| 35 | गया | वजीरगंज | तपोवन स्वयं सिद्धा महिला विकास स्वावलम्बी स0 स0 लि0 |
| 36 | गया | नगर | विकास नारी शक्ति महिला विकास स्वावलम्बी स0 स0 लि0 |
| 37 | गया | इमामगंज | खुश्बू स्वयं सिद्धा महिला विकास स्वावलम्बी स0 स0 लि0 |
| 38 | गया | बाराचट्टी | चॉदनी स्वयं सिद्धा महिला विकास स्वावलम्बी स0 स0 लि0 |
| 39 | गया | मोहनपुर | बुद्धा स्वयं सिद्धा महिला विकास स्वावलम्बी स0 स0 लि0 |
| 40 | गया | कोच | नारी मुक्ति स्वयं सिद्धा महिला विकास स्वावलम्बी स0 स0 लि0 |
| 41 | नवादा | वारिसलीगंज | बाघी बरडीहा कृषक सेवा स्वावलम्बी स0 स0 वारिसलीगंज |
| 42 | नवादा | काशीचक | जय माता दी कृषक सेवा स्वावलम्बी स0 स0 लि0 मघेपुर |
| 43 | नवादा | सिरदला | नवादा जिला कृषक सेवा स्वावलम्बी स0 स0 लि0 सिरदला |
| 44 | नवादा | अकबरपुर | उजागर स्वयं सिद्धा महिला विकास स्वावलम्बी स0 स0 लि0 अकबरपुर |
| 45 | औरंगाबाद | औरंगाबाद | मॉ गायत्री कृषक सेवा स्वावलम्बी स0 स0 लि0 जम्होर |
| 46 | जहानाबाद | जहानाबाद | नवयुग महिला विकास स्वावलम्बी स0 स0 लि0 जहानाबाद |
| 47 | मुंगेर | जमालपुर | महावीर श्रमिक निर्माण स्वावलम्बी स0 स0 लि0 |

## अनुलग्नक-1 में उल्लिखित स्वावलम्बी समितियों के बोर्ड के निर्वाचन हेतु निर्वाचन कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| (i) | निर्वाचन पदाधिकारियों द्वारा प्रपत्र-ई० 1 में सूचना का प्रकाशन | 08.02.2016 (सोमवार) |
| (ii) | नामांकन की तिथि एवं समय | 23.02.2016 (मंगलवार) एवं 24.02.2016 (बुधवार) 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iii) | संवीक्षा की तिथि एवं समय | 25.02.2016 (गुरूवार) 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iv) | अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की तिथि | 26.02.2016 (शुक्रवार) 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (v) | मतदान, अगर आवश्यक हो | 09.03.2016 (बुधवार) 7 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (vi) | मतगणना | 09.03.2016 (बुधवार) (मतदान के तुरंत पश्चात्) |